नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण

पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिल–रायपुर (छ.ग.) 492002
दूरभाष : 0771–2512500, फैक्स : 2512400, ई–मेल ceo.nranvp@cg.gov.in

सूचना

नवा रायपुर अटल नगर में विभिन्न भू–उपयोग अंतर्गत आबंटित भूमि/बिल्टअप स्पेस पर आबंटितियों से शेष प्रीमियम अदायगी पर अधिरोपित ब्याज एवं सरचार्ज में छूट देने हेतु वन टाईम सेटलमेंट स्कीम।

—00—

नवा रायपुर अटल नगर में विभिन्न भू–उपयोग अंतर्गत आबंटित भूमि/बिल्टअप स्पेस पर आबंटितियों से शेष प्रीमियम अदायगी पर अधिरोपित ब्याज एवं सरचार्ज पर छूट देने हेतु वन टाईम सेटलमेंट के संबंध में निम्नानुसार स्कीम लायी जाती हैः–

क्र.	विवरण	विकल्प –एक	विकल्प –दो
1	शेष प्रीमियम का भुगतान	आबंटिती को शेष प्रीमियम राशि का 100 प्रतिशत भुगतान स्कीम के अंतर्गत अनुमोदन दिनांक से 90 दिवस के भीतर करना होगा।	आबंटिती को शेष प्रीमियम राशि के 50 प्रतिशत राशि का भुगतान अनुमोदन दिनांक से 90 दिवस के भीतर तथा शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान अनुमोदन दिनांक से 09 माह के भीतर 3 माह की **तीन समान किस्तों में 8.5 प्रतिशत ब्याज दर के साथ करना होगा।**
2	आधिरोपित ब्याज	आबंटिती को देय ब्याज के 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अनुमोदन दिनांक से 90 दिवस के भीतर करना होगा तथा प्राधिकरण द्वारा **शेष 25 प्रतिशत ब्याज की छूट प्रदान की जावेगी।**	आबंटिती को देय ब्याज के 80 प्रतिशत राशि का भुगतान अनुमोदन दिनांक से 90 दिवस के भीतर करना होगा तथा प्राधिकरण द्वारा **शेष 20 प्रतिशत ब्याज की छूट प्रदान की जावेगी।**
3	अधिरोपित सरचार्ज	आबंटिती को देय सरचार्ज के 20 प्रतिशत राशि का भुगतान अनुमोदन दिनांक से 90 दिवस के भीतर करना होगा तथा प्राधिकरण द्वारा **शेष 80 प्रतिशत सरचार्ज की छूट प्रदान की जावेगी।**	आबंटिती को देय सरचार्ज का 30 प्रतिशत राशि का भुगतान अनुमोदन दिनांक से 90 दिवस के भीतर करना होगा तथा प्राधिकरण द्वारा **शेष 70 प्रतिशत सरचार्ज की छूट प्रदान की जावेगी।**

वन टाईम सेटलमेंट स्कीम दिनांक 14/03/2024 तक लागू रहेगी। दोनों विकल्पों में से आबंटिती को किसी एक विकल्प का चयन कर निर्धारित समयसीमा में भुगतान करना अनिवार्य होगा।

प्रबंधक (संपदा)
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

29 D:\Patwa\other file